**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 28 जुलाई 2026, समय 13:05 (5 मिनट)**

**************************************************************************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्काईरूट एयरोस्पेस के पवन चंदना और नागा भरत डाका से बातचीत की। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि विक्रम-1 की सफलता के साथ-साथ कई अन्य रोचक विषयों पर भी चर्चा हुई। विक्रम-1 भारत का पहला निजी क्षेत्र द्वारा विकसित ऑर्बिटल रॉकेट है।

प्रधानमंत्री ने उनकी यात्रा और भविष्य की योजनाओं के बारे में सुनकर प्रसन्नता व्यक्त की। श्री मोदी ने कहा कि उनकी ऊर्जा, महत्वाकांक्षा और सकारात्मकता देश के निजी अंतरिक्ष पारिस्थितिकी तंत्र की जीवंत भावना को दर्शाती है। श्री मोदी ने स्काईरूट एयरोस्पेस की पूरी टीम को शुभकामनाएं भी दीं। प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में भी विक्रम-1 की सफलता को सराहना की थी।

*विक्रम-वन, इसके सफल लॉन्च से हर देशवासी गौरव से भरा हुआ है। ये प्राइवेट सेक्टर द्वारा विकसित भारत का पहला रॉकेट है। हमारे युवा इनोवेटर्स ने वो कर दिया, जिसकी कल्पना तक मुश्किल थी। उन्होंने गजब की स्कील, पैशन और पेशन्स दिखाया। लम्बे समय तक हमारा स्पेस सेक्टर, निजी क्षेत्र के लिए बन्द रहा था। इस सेक्टर में रुचि रखने वाले काफी युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर नहीं मिल पा रहा था। युवा हित को देखते हुए हमने स्पेस सेक्टर को प्राइवेट सेक्टर के लिए खोला। आज इसका परिणाम दुनिया देख रही है।*

**************************************************************************

हरियाणा केमुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने डेयरी क्षेत्र को प्रोत्साहित करने, किसानों की आय बढ़ाने और महिला स्वयं सहायता समूहों कोआर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से गांवोंमें सांझी डेयरी स्थापित करने सहित पांच महत्वपूर्ण घोषणाएं की हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है की इससे डेयरी व्यवसाय कोबढ़ावा मिलने के साथ-साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था और सहकारिता आंदोलन को भी मजबूतीमिलेगी।पंचायती भूमि पर 'सांझी डेयरी' स्थापित करने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि । इन सामुदायिकडेयरियों में महिला स्वयं सहायता समूहों की सदस्य महिलाओं के पशुओं के लिए आधुनिकसुविधाएं विकसित की जाएंगी,जिससे पशुपालन कीलागत कम होगी और महिलाओं की आय में वृद्धि होगी।मुख्यमंत्री ने हरियाणाडेयरी विकास सहकारी प्रसंघ (HDDCF) महिला स्वयं सहायता समूहों और महिला सीएम पैक्स की सदस्यमहिलाओं को दुग्ध पशु खरीदने के लिए रियायती ब्याज दरों पर ऋण उपलब्ध कराने मेंसहयोग करने तथा , मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक प्रोत्साहन योजना केतहत हरियाणा डेयरी विकास सहकारी प्रसंघ (HDDCF) को दूध आपूर्ति करने वाले दुग्ध उत्पादकों केलिए प्रोत्साहन राशि बढ़ाने की घोषणा भी की। ग्रीष्मकाल में प्रोत्साहन राशि 5 रुपये प्रतिलीटर से बढ़ाकर 7 रुपये प्रतिलीटर तथा शीतकाल में 3 रुपये प्रतिलीटर से बढ़ाकर 5 रुपये प्रतिलीटर की जाएगी।उन्होंने विश्वासजताया कि ये निर्णय ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती देंगे और हरियाणा को डेयरीविकास के क्षेत्र में अग्रणी राज्यों की श्रेणी में स्थापित करेंगे।

**************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कल चंडीगढ़ स्थित हरियाणा सिविल सचिवालय में हरियाणा सार्वजनिक उपक्रम ब्यूरो के नवनियुक्त अध्यक्ष श्री मोहन लाल बडौली को उनके पद का कार्यभार ग्रहण कराया।

मुख्यमंत्री ने श्री मोहन लाल बडौली को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि श्री बडौली अपने अनुभव, संगठनात्मक क्षमता एवं कार्यकुशलता के बल पर हरियाणा सार्वजनिक उपक्रम ब्यूरो के कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाएंगे तथा जनहित एवं प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

**********************************************************************

भारत की पैरा खिलाड़ी शर्मिला धनखड़ ने ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेलों में महिलाओं के शॉट पुट F-57 स्पर्धा में 9 दशमलव 81 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ स्वर्ण पदक जीता। शर्मिला राष्ट्रमंडल खेलों के पैरा एथलेटिक्स में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी है। इस अवसर पर शर्मिला ने कहा है कि वे देश के लिए पदक लाकर बहुत प्रसन्न है।

***हम बहुत खुश हैं, हमारे देश के लिए मेडल ला के, हम आगे भी ऐसे ही मेडल लाते रहेंगे और नेक्स्ट कॉमनवेल्थ की अच्छी तैयारी करेंगे। इस मेडल से मेरे आगे का रास्ता और आसान हो गया और अच्छी मेहनत करके और अच्छा रिकॉर्ड बनाउंगी।***

सर्वेश कुशारे ने पुरुषों की ऊंची कूद स्पर्धा में रजत पदक जीता। भारत के पदकों की संख्या अब दस हो गई है, जिसमें दो स्वर्ण, पांच रजत और तीन कांस्य पदक शामिल हैं।

**********************************************************************

हरियाणा के लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा ने प्रदेश में चल रही विभिन्न भवन एवं सड़क परियोजनाओं को निर्धारित समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

पंचकूला में विभिन्न विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए श्री रणबीर गंगवा ने विकास कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर जोर दिया और कहा कि गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**********************************************************************